भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या †16**
उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

# युवाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं

**†*16. श्री उत्कर्ष वर्मा मधुरः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) थारू और अन्य जनजातियों के युवाओं के कल्याण के लिए बनाई गई/कार्यान्वित की गई विभिन्न योजनाओं का राज्य और जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) उत्तर प्रदेश में कितने खेल परिसर हैं;

(ग) क्या सरकार का लखीमपुर खीरी जिले में एक खेल परिसर बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) देश में युवाओं हेतु कितने छात्रावास हैं और क्या सरकार का इस क्षेत्र के युवाओं की खेल और अन्य क्षेत्रों में खुद को स्थापित करने में सहायता करने के लिए उत्तर प्रदेश के उपर्युक्त जिले में युवाओं हेतु एक छात्रावास बनाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं हेतु रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कोई योजना बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

**युवाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं के संबंध में श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर द्वारा दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 16 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय पूरे देश में युवाओं के कल्याण के लिए विभिन्न स्कीमें कार्यान्वित करता है। ये स्कीमें न तो समुदाय विशेष के लिए हैं और न ही राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विशेष के लिए। ये स्कीमें समाज के सभी वर्गों के 15-29 आयु वर्ग के युवाओं के लिए हैं।

युवा कार्यक्रम विभाग के अंतर्गत निम्नलिखित स्कीमें हैं :

**(i) राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) एक प्रमुख स्कीम है जिसके अंतर्गत निम्नलिखित 7 उप-स्कीमें हैं :**

1. नेहरू युवा केन्द्र संगठन।
2. राष्ट्रीय युवा कोर।
3. राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम।
4. अंतरराष्ट्रीय सहयोग।
5. युवा छात्रावास।
6. स्काउटिंग और गाइडिंग संगठनों को सहायता।
7. राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम।

**(ii) राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)**

**(iii) राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी)**

**(iv) मेरा युवा भारत (माई भारत):** हाल ही में, एक व्यापक सक्षम तंत्र-मेरा युवा भारत (माई भारत) नामक स्वायत्त निकाय की स्थापना की गई है, जो अमृत काल के दौरान 'कर्तव्य बोध' और 'सेवा भाव' के माध्यम से युवा विकास और युवा नेतृत्व जनित विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है।

माई भारत (https://www.mybharat.gov.in/) के लिए एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया गया है, जिस पर देशभर के युवा पोर्टल पर उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न स्वयंसेवी अवसरों के लिए पंजीकरण और साइनअप कर सकते हैं। परिकल्पित फिजिटल (भौतिक + डिजिटल) पारिस्थितिकी तंत्र का उद्देश्य युवाओं को सामुदायिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बनने हेतु सशक्त बनाना है। अब तक 1.65 करोड़ से अधिक युवा माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर चुके हैं।

(ख) खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना का निर्माण और उन्नयन" घटक के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में 30 परियोजनाओं सहित देशभर में 322 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसका विवरण (https://mdsd.kheloindia.gov.in/) पर उपलब्ध है।

(ग) उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में खेल परिसर बनाने का कोई प्रस्ताव मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

(घ) देश में 84 युवा छात्रावास हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में युवा छात्रावास के निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ङ) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****